# स्वयंसेवकों ने आमजन को जागरूक करने का दिया मंत्र

**करौला** (निं.सं.) जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र करौली के संयुक्त तत्वावधान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक्शनएड-यूनिसेफ करौली के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने सभी युवा स्वयंसेवकों को सेवा से सिखे कार्यक्रम के बारें में बताया ओर युवाओं को आमजन को यातायात नियमों के बारें में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही युवाओं को सामाजिक बुराईयों को त्याग ने लिए प्रेरित किये जाने की बात कही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह प्रण लेना चाहिए कि कभी भी हम दोपहिया वाहनों की तीसरी सवारी नही बने, और बिना हेलमेट के स्वयं एवं परिवार के लोगों को यात्रा करने से रोके। एएसपी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में सेवा देने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार, मैडल देकर सम्मानित किया। साथ ही युवाओं से सड़क सुरक्षा के लिए सुझाव भी लिया जिसमें युवाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सुझाव भी दिया गया। एएसपी ने बाल विवाह, बाल श्रम की रोकथाम एवं बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए भी प्रेरित किया। और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए आमजन को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया प्रभारी सतवीर एसपी कार्यालय, प्रदीप शर्मा एएसपी पीए शिव सिंह, हैड कांस्टेबल, रीडर एएसपी, सुनिल गनमैन एएसपी, पुष्पेन्द्र चालक एएसपी।

## रक्तदान शिविर

**भरतपुर** (निस)। स्वास्थ्य मंदिर पर रक्तदान शिविर का आयोजन प्रकाश जैन की 23 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रवीन जैन ने बताया कि शिविर में कुल 20 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें दिल्ली से आए हुए वैभव अठावाल व जयपुर से जिज्ञासा पारीक ने पहली बार स्वास्थ्य मंदिर आकर रक्तदान किया। वैभव अठावाल ने रक्तदान करते हुए बताया कि वह जीवन में पहली बार रक्तदान कर रहे हैं और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ऐसा पहले क्यों नहीं कर पाया। यदि मेरे रक्त से किसी का जीवन बच सकता है तो यह हर व्यक्ति को करना चाहिए। रक्त दान करने से कहीं किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।

एक बार रक्त देने से डर निकल जाता है डर के कारण रक्तदान नहीं हो पाता है। कार्यक्रम में भरतपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विष्णु जैन, योगेश खंडेलवाल गोविंद अठावाल, महिला सेवा इकाई की संरक्षक प्रभा गुप्ता, स्वास्थ्य मंदिर से कपिल मित्तल, सुधीर गुप्ता, गोविंद अठावाल, दिल्ली से कमल अठावाल, नीरज गोयल, निरंजन मित्तल, राकेश कपूर, राजकीय आरबीएम चिकित्सालय से डॉ नरेश सिंह, संजू बाला शर्मा, विष्णु चौरसिया, हरेंद्र सिंह, राहुल फौजदार, प्रशांत फौजदार, वीरेंद्र सिंह इत्यादि सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

## आजाद सेवा समिति ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई

**भरतपुर** (निस)। आजाद सेवा समिति ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई। आजाद सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन सूरौता ने बताया कि भरतपुर स्थित सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद किया। इस दौरान ओमप्रकाश उपप्रधान सेवर ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुऐ बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संठाम के अठाणी व सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंठोज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि जब नेताजी ने जापान और जर्मनी से सहायता लेने का प्रयास किया था, तो ब्रिटिश सरकार ने अपने गुप्तचरों को उन्हें खत्म करने का आदेश दिया था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आज़ाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनाई।

# टोंक ने 20 रनो से जीता फाइनल मैंच

**गंगापुर सिटी** । अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन संभाग भरतपुर करौली टोंक दोसा सवाई माधोपुर के क्रिकेट मैच का आयोजन दौसा में बजरंग मैदान पर आयोजित किया गया।

सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मित्तल ने बताया कि दौसा में प्रथम मैच सवाई माधोपुर और दौसा के बीच खेला गया जिसमें दोसा की टीम ने 1० ओवर में 1०8 रन बनाए जवाब में कृष्णा मित्तल की घातक बल्लेबाजी के दम पर चार ओवर में ही सवाई माधोपुर ने मैच जीत लिया उसके बाद दोसा और टोंक का मैच हुआ जिसमें टोंक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच जीत लिया।

इसके बाद फाइनल टोंक और सवाई माधोपुर के दौरान हुआ जिसमें रोमांचक मुकाबले में टोक ने 2० रन से फाइनल मेंच जीता। फाइनल में भी कृष्ण मित्तल ने जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए 7० रन बनाए।


**कृषि महाविद्यालय**
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर-जयपुर), बसेड़ी : धौलपुर (राज.)-328027

क्रमांक :- कृमविबसेड़ी/संस्था./2024-25/2059 दिनांक :- 22/01/2025

**खुली निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी के कार्यालय फर्नीचर आदि की खरीद के संबंध में खुली निविदा के लिए बोली इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 29.01.2025 सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली के अन्य विवरण राज्य के खरीद पोर्टल **(http://sppp.raj.nic.in)** या विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.sknau.ac.in** पर देखे। **NIB Code SKN2425A0318** और **UBN No. SKN2425GSOB00320** है।

राज.संवाद/सी/24/10701 **अधिष्ठाता**


# प्रतिमा को गंगाजल से नहला कर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की

**भरतपुर** (निस)। गुरुवार को जिला कांठोस कमेटी शहर ब्लॉक सहित के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि देश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्र के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर सर्वप्रथम सुभाष पार्क, निकट जामा मस्जिद में उपस्थित सभी कांठोसी कार्यकर्ताओं ने नेताजी की प्रतिमा को गंगाजल से नहला कर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात आयोजित गोष्ठी में साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, दयाचंद पचौरी, श्रीभगवान कटारा, मनोज शर्मा, लाखन हिंगोली आदि प्रमुख पदाधिकारीयो ने नेताजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अपने कुशल नेतृत्व की छाप छोड़ते हुए सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी तथा अंठोजी हुकूमत को खदेड़ने के लिए भारत वासियों को, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा लगाते हुए ऊर्जा का संचार किया। उपस्थित सभी कांठोसजनों ने कहा कि सन 1897 में जन्मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन को आज भारतवर्ष में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने तथा आभार प्रदर्शन सचिव भरत सिंह गादोली ने किया। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य अशोक तांबी, अशोक लवानिया, दिगंबर खटाना, विष्णु गुप्ता, संजय चंदेला, अवधेश शर्मा, दिगंबर खटाना, अमित एडवोकेट, सतीश जायसवाल, शैलेश कुमार, मुकेश डागुर, जगत पहलवान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।






## क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**करौली**। विद्युत निगम करौली की ओर से तीन दिवसीय जिला स्तरीय विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खेल संकुल में प्रारंभ किया गया । इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विधुत निगम के अधीक्षण अभियंता जे एल मीना ने बॉल खेलकर किया।

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कहा कि सभी निगम कर्मचारी सातों दिन चैबीस घंटे कार्य करने के कारण तनाव में रहते है इस तनाव को दूर करने व कर्मचारियों को बेहतर सेवा देने हेतु प्रथम बार जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

सभी टीमों को खेल भावना से खेल खेलने की शपथ दिलवाई। विद्युत निगम के कार्मिक अधिकारी आर एस जाजोरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में करौली जिले कि सभी उपखंडों व वृत कार्यालय सहित 12 टीमें भाग ले रही है। निगम के प्रशासनिक अधिकारी अरविंद अठावाल ने बताया कि उपखंड करौली शहर, करौली ठाामीण, मंडरायल, कैलादेवी, सपोटरा, श्रीमहावीरजी, हिंडौन शहर, हिंडौन ठाामीण, सूरौठ, वृत करौली व एफ आर टी टीमें भाग ले रही है आयोजन समिति के कनिष्ठ विधि अधिकारी सुनील गुर्जर ने बताया कि उदघाटन मैच करौली शहर व सपोटरा के मध्य खेला गया जिसमें सपोटरा की टीम 18 रन से विजयी रही व दूसरा मैच सूरौठ व मासलपुर टीम के बीच खेला गया।

# स्कूल में शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने व भौतिक संसाधनों के विस्तार पर चर्चा की

**करौली** । राज्य सरकार द्वारा जारी कलेंडर के मुताबिक जनवरी माह में चुनिंदा सरकारी विद्यालयों में वार्षिक उत्सव मनाये जा रहे हैं इसी क्रम में पीईईओ रूंधपुरा के अंतर्गत आने वाले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरीपुरा में गुरुवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूंधपुरा के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव और विशिष्ट अतिथि

**■ वार्षिक उत्सव में भामाशाह ने बच्चों को वितरण किए पहचान पत्र**

के रूप में भामाशाह धनसिंह मीना रूंधपुरा रहे जिन्होंने विद्यालय के हर बच्चे के लिए पहचान पत्र वितरित किए इससे पूर्व भामाशाह धनसिंह मीना द्वारा पंचायत के प्रमुख विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूंधपुरा के भी सभी छात्रों के पहचान पत्र वितरित कर चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि रघुवीर गुर्जर की कार्यक्रम दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान




**करौली के निकट रूधपुरा गांव के विद्यालय में बच्चों को भामाशाह धनसिंह मीना ( बाएं से दूसरे ) ने पहचान पत्र वितरित किऐ ।**

केंद्रित करने और भौतिक संसाधनों के विस्तार को लेकर अपने विचार रखते हुए भामाशाह द्वारा छात्रों के लिए बनवाये गये पहचान पत्रों को विद्यालय में अनुशासन के एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भामाशाह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जनक सिंह,सहित समस्त स्थानीय स्टाफ व ठाामीण मौजूद रहे ।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यारोली में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माला पहनाकर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी तेज सिंह जाट, विशिष्ट अतिथि हरि सिंह जाट रिटायर्ड व्याख्याता, पूरन सिंह जाट, कल्याण जाट, हरेती लाल, प्रकाश माली, भरोसी कोली, माखन जाट और कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रभु लाल बेरवा ने की। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के बारे में संक्षिप्त उपलब्धियों की जानकारी सभी ग्राम वासियों के समक्ष प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी सोहनलाल गुप्ता(व्याख्याता) ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति गीत आई लव इंडिया.. निशी एंड पार्टी, गुरु के जैसा कोई नहीं..कोमल एंड पार्टी, लहरियो..राशि एण्ड पार्टी, लहराता है परचम.. काजल सैनी, साथी घर जाकर समझा देना. गानो पर प्रस्तुती दे कर समां बांध दिया। इस दौरान भामाशाह बाबूलाल मीणा, अरविंद चौधरी, रविन्द्र सिंह धनवाल का सम्मान किया गया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं कार्य करने के लिए सोहनलाल गुप्ता (व्याख्याता), मुक्ता शर्मा (व्याख्याता), दिनेश लाल शर्मा (वरिष्ठ अध्यापक), गिरिश गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, रमेश, माधव सिहं सोलंकी, शेर मोहम्मद, लेखराज, अरविंद, रजनी, दिनेश चन्द को सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### सुभाष चन्द्र बोस जयंती की जयंती मनाई




**गंगापुर सिटी में सुभाष जयन्ती पर विधार्थियों ने पथ संचलन निकाला।**

**करौली**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में गुरूवार को सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई।

विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर प्रधानाचार्य घनश्याम जाटव ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया और सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व का गुणगान करते हुए उन्हें असाधारण नेतृत्व कौशल वाला करिश्माई वक्ता तथा भारत के स्वतंत्रता संठााम का महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। उप प्रधानाचार्य दिलीप कुमार शर्मा ने आजादी के महासमर में सुभाष के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की बात कही। व्याख्याता राजेन्द्र दीवान ने बोस के विद्यार्थी जीवन व युवावस्था के प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि उनके जीवन की कहानी देश के प्रति अटूट समर्पण और बहादुरी की मिसाल है। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

### पीएचसी का औचक निरीक्षण

**करौली**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक समयानुरूप पहुंच की सुनिश्चितता हेतु सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना ने विनेगा पीएचसी का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं से रूबरू हुए। सीएमएचओ ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर कार्मिकों की मौजूदगी जांची उन्होंने एनसीडी रिपोर्टए पर्ची एंट्री,दवाओं की उपलब्धता और आईपीडी सहित सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संस्था पर वैक्सीनेशन में विगत वर्ष की तुलना में गिरते क्रम में सुधार के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने एएनएम से हब कटर के उपयोग की स्थिति से रूबरू होकर हर बार हर कटर के उपयोग के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कोल्ड चेन का निरीक्षण कर यूविन सॉफ्टवेयर अनुसार वैक्सीन की जानकारी ली और स्टॉक रजिस्टर सहित टेंपरेचर रिपोर्ट संधारण के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी लखन सिंह लोधा ने संस्था पर आईईसी प्रदर्शन की जानकारी जुटाई और नाम परिवर्तन की गई योजनाओं की प्रदर्शित आईईसी हटवाई।

### साधारण सभा की बैठक आज

**करौली**। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिव चरण मीणा ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आज शुक्रवार 24 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे जिला प्रमुख की अध्यक्षता में भारत निर्माण राजीव गांधी जनसूविधा केन्द्र के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उक्त बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों एवं सूचनाओं के साथ उपस्थित रहने की निर्देश दिए।

### अंतिम तिथि 9 फरवरी

**करौली**। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया है कि नवगठित नगरपालिका सपोटरा व मंडरायल में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार वार्डो के गठन एवं परिसीमांकन के निर्देश दिये गये है। स्वायत्त शासन विभाग के उक्त पत्र के अनुसार नवगठित नगरपालिका सपोटरा व मंडरायल में वार्डो की कुल संख्या 20-20 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी से 9 फरवरी तक जन साधारण द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत की जा सकती है। जिला कलेक्टर ने बताया कि उक्त अवधि कर समाप्ति के पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जल वितरण समिति की बैठक स्थगित

**करौली** (निं.सं.) सदस्य सचिव एवं अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन वृत ने बताया कि आज शुक्रवार 24 जनवरी को दोपहर 12.00 बजे से संभागीय आयुक्त भरतपुर की अध्यक्षता में जल वितरण समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार भरतपुर में की जानी थी उन्होंने बताया कि बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**करौली**। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने ठााम पंचायत कैमरी में 2 फरवरी को बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले जगदीश धाम मेले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए व्यवस्थाओं एवं अब तक कि गई तैयारियों का बुधवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए ठााम पंचायत मे चिन्हित किये गये हैलीपेड,सभास्थल,साफ-सफाई,सुरक्षा व्यवस्था सहित आस-पास अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये इस अवसर पर उपखंड अधिकारी नादौती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिविर 28 को

**करौली**। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक मुकेश ने बताया है कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा 28 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे से जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट परिसर में एक दिवसीय कौशल रोजगार एवं उद्यिमता शिविर का आयोजन किया जावेगा। जिसमें कई कम्पनियां युवाओं को रिक्त पदों के लिए चयन,प्रशिक्षण कार्यक्रम,स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षिणक योग्यताओं से संबंधित अंकतालिका, आधार कार्ड, मूल निवास एवं पासपोर्ट साइज की 4-5 फोटो लेकर उपस्थित होवें।

### हल्की मावठ से बढ़ी ठण्ड, बूंदाबांदी से शहर में मचा कीचड़

**गंगापुर सिटी**। गुरुवार सुबह मौसम ने एक बार फिर करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवक शुरू हो गई और करीब साढे 9 बजे से रिमझिम बारिश का दौर 2० मिनट जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है और सर्दी का प्रकोप बढ सकता है। इस मौसम में गंगापुर सिटी और आस पास के क्षेत्रों में तीसरी बार मावठ की स्थिति है। इससे पहले दो दिन तक मौसम साफ था। धूप खिली हुई थी और लोगों को कडाके की सर्दी से कुछ राहत मिली थी। गुरुवार की सुबह से ही काले बादलों ने आसमान को घेर लिया। सुबह साढे 9 बजे के आस पास घने बादलों के बीच बूंदाबांदी शुरू हुई। जिससे सडकों पर पानी जमा हो गया। बारिश के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस अचानक आए बदलाव से ठंड का प्रकोप बढ सकता है और लोगों को गलन और ठिठुरन का सामना करना पड सकता है।

### विशाल भगवती जागरण का किया जायेगा आयोजन

**गंगापुर सिटी**। मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में 8 फरवरी 2०25 को शाम 4 बजे गौरव मैरिज होम के सामने से 24 वीं मासिक बस यात्रा इंदरगढ माता जिला बूंदी के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा संयोजक ने बताया कि 8 फरवरी रात्रि को 9 बजे महारानी पैलेस धर्मशाला में विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा। 9 फरवरी रविवार को प्रात: 7 बजे माता रानी को 1०8 मीटर लंबी विशाल चुनरी चढा कर, माता रानी को भोग लगाकर, कन्याओं को भोजन कराकर पंगत पर प्रसादी वितरण की जावेगी। सभी मातारानी के भक्त सुनील गर्ग उदेई मोड मो, 9887453892 से अपनी सीट बुक करवा ले।

## सड़क निर्माण का विधायक ने किया शुभारंभ

**करौली**। उत्तर भारत के प्रमुख शक्ति पीठ तीर्थ स्थल एवं सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के पावन धार्मिक स्थल कैलादेवी स्थित राज-राजेश्वरी कैला मैया के दरबार में चैत्र माह में लगने वाले लक्खी मेले में दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं कि भीड़ के चलते व स्थानीय निवासियों के आवागमन में होने वाली समस्या का समाधान अब 9 करोड़ रुपए कि लागत से निर्माण होने जा रहे बाईपास सड़क से हो सकेगा।

बाईपास निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक हंसराज मीणा ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं के साथ शिलान्यास किया। गौरतलब है कि कैलादेवी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं सहित वाहनों की भीड़ से आवा- जाही में जाम जैसी कई प्रकार की श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर कैलादेवी सहित आसपास गांवों के ठाामीण विधायक हंसराज मीणा से मिले और समस्या से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने पिछले 15 वर्षों से बनी जाम जैसी समस्या को देखते हुए निस्तारण के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजकर अवगत करवाया। इसके बाद राज्य सरकार ने विधायक हंसराज मीणा कि अनुशंसा पर जाम की समस्या से निजात के लिए 9 करोड़ रुपए कि लागत से बाईपास सड़क निर्माण की घोषणा कि गई थी। विधायक ने बताया कि कैलादेवी बाईपास रोड बनने से यात्री अपनी यात्रा को बडी आसानी से पूरा करेंगे। इस अवसर पर कैलादेवी मंडल अध्यक्ष राजेश पाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण मेहरा,हिम्मत सिंह,हरेत पटेल, राजू,लाला पटेल,किरोड़ी भगत,आशीष, शरद,अभिषेक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## बच्चों को गर्म वस्त्र किये वितरण

**करौली** (निं.सं.) (फोटो-पी-4) करौली के निकट सायपुर गॉव में प्योर इंडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में संचालित सायपुर पाठशाला में 110 बच्चों को गर्म ऊणी वस्त्र का नि: शुल्क वितरण किया गया ट्रस्ट प्रतिनिधि खुशबिहारी व्याा ने बताया की इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि मुकेश पचैरी,विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक मनोज व्यास, करौली कलेक्ट्रेट से जयप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने पाठशाला में सम्मिलित बच्चों को गर्म जर्सी वितरण कि व बच्चों के अध्यन के स्तर को जाना सभी ठाामीणो ने सभापति प्रतिनिधि का साफा माला पहनाकर स्वागत किया सभापति ने बच्चों के उत्तम भविष्य कि कामना की व प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम की सहराना की ट्रस्ट प्रतिनिधि ने बताया सभी कार्यक्रम संस्थापक प्रंशातपाल के मार्ग दर्शन में किए जा रहे हैं ।

## छात्र-छात्राओं ने निकाला पथ संचलन

**सूरौठ**। कस्बे में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यहां गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे स्थित आदर्श विद्या मंदिर में नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई पथ संचलन कों थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा व प्रधानाचार्य कुशराज सिंह देशवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना,स्कूल छात्र-छात्राओं के साथ शहर के मुख्य बाजारों से होकर पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में स्कूली बच्चे घोष वादन के साथ कदमताल करते हुए निकले।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वेशभूषा में घोड़े पर सवार छात्र सबके आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर आयोजित संवाद संगोष्ठी में स्कूल व्यवस्थापक व नेमीचंद महावर, प्रधानाचार्य कुशराज सिंह देशवाल, ने नेताजी का जीवन परिचय एवं उनके व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए आजाद हिंद फौज के गठन की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है क्योंकि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में काम करते हैं। उनके आदर्श वाक्य आज भी युवाओं में जोश भरने का काम करते हैं इस मौके पर निरंजन लाल सैनी, अजब सिंह, धीरज, मनीष, बृजभूषण, अजीत, मुनेश, अंजना धाकड़ फूलवती, नरेंद्र , ओमवीर सहित समस्त स्टाफ कर्मि रहे उपस्थित।

## बच्चे के अपहरण का मामला झूठा

**गंगापुर सिटी** । नसिया कॉलोनी में एक निजी स्कूल में अध्ययनरत एक बालक ने अपहरण की कहानी झूठी निकली। बालक ने खुद ही अपने अपहरण की झूठी कहानी रची थी, लेकिन सीसीटीवी कैमरों से सारा राज खुल गया। नसिया कॉलोनी में एक निजी स्कूल के छात्र ने मंगलवार रात को बताया था कि दो जने उसे अस्पताल के पास से बाइक पर बिठाकर ले गए थे, वे उसे बस से कहीं लेकर जा रहे थे लेकिन वह रास्ते में ही बस से कूद गया था। मामले के बाद बुधवार को परिजनों ने अपहरणकर्ताओं की पहचान के लिए अस्पताल रोड पर दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन कैमरों के फुटेज में बालक अकेला जाता दिखाई दिया। कोई और उसके साथ दिखाई नहीं दिया। इसके बाद परिजनों ने बालक से कडाई से पूछताछ की तो बालक ने भी सच्चाई उगल दी कि उसने अपहरण की झूठी कहानी रची थी।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन की कार्यकारिणी गठित

**भरतपुर** (निस)। जिला सैन महासभा की बैठक गुरूवार के दिन सैन छात्रावास पर सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भगवान सिंह खटौटी ने की। इसका संचालन रामनिवास शास्त्री जिला महासचिव ने किया। बैठक में सर्वप्रथम सैन महाराज की व मां नारायणी माता की पूजाअर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया इस मौके पर 21वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की कार्यकारिणी एवं आयोजन कमेटी का गठन किया गया तथा सर्वसम्मति से भगवान सिंह खटौटी को सामूहिक विवाह सम्मेलन का अध्यक्ष बनाया गया एवं राजा सहनावली को उपाध्यक्ष बनाया गया एवं रामनिवास शास्त्री को महासचिव बनाया एवं कप्तान सिंह बहनेरा को कोषाध्यक्ष बनाया तथा व्यवस्थापक कमेटी लाखन सिंह मुखिया बच्चू सिंह सूबेदार धर्मसिंह कल्याणपुर डालचंद उच्चैन हरिकिशन अध्यापक एवं पार्षद मंचसंचालन ओमप्रकाश आजाद, बनय सिंह, एक्सईएन रामनिवास शास्त्री रहे। इस बैठक में शामिल नेम सिंह अवार व लक्ष्मी नारायण सैन, सुरेश घुस्यारी, मदन हबीबपुर, धर्म सिह धानौता, कोमल सिंह कारौठ, संजय सिंह बिनउया रूपवास, अमर सिंह उर्फ चंद्रपाल उच्चैन, हुकुम सिंह बयाना, लाला राम पीरी, रणजीत सिंह भुसावर, रमेश चंद लालपुर नदबई, भरतपुर शहर अध्यक्ष रूपकिशोर सैन, बासदेव सैन, राधेश्याम सैन, योगेश कुमार सैन, बदन सिंह सैन, बृजकिशोर सैन, सुनील कुमार सैन, सत्यवीर सिंह महंगाया समस्त सैन समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

इस मौके पर शादी योग्य युवक युवतियां का पंजीकरण का सम्पर्क स्थल सपना हेयर ड्रेसर कृष्णा नगर भरतपुर और करन सिंह हेयर ड्रेसर स्टेशन रोड भरतपुर बॉबी ठाकुर हीरादास सर्किल सहित समस्त सैन समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 20 वर्ष के कारावास की सजा

**करौली** (निं.सं.) पोक्सो कोर्ट की विशिष्ट न्यायाधीश श्रीमती अलका बंसल ने अभियुक्त फूलसिंह पुत्र धर्मसिंह मीना थाना पीलोदा जिला सवाईमाधोपुर को भारतीय दंड संहिता कि धारा में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 80हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक गजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने एक रिपोर्ट तहरीर उपस्थित थाना होकर इस आशय कि पेश की कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री थाना सपोटरा में अपनी बुआ के यहां मिलने गई थी जो अपनी बुआ के घर ही रह रही थी तो इस दरमियान मुल्जिम पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया ।

# आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुशील पाराशर का सम्मान

**भरतपुर** (निस)। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में समाज सेवा व चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सेवानिवृत्त आयुर्वेदाचार्य डॉ सुशील पाराशर का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री राम का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से उनके माता-पिता एवं पुत्रवधू का भी सम्मान किया गया एवं उनके दीर्घायु जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर कौशलेश शर्मा ने बताया कि डॉ सुशील पाराशर ईमानदार

**■ विभिन्न संगठनों ने साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री राम का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

एवं समर्पित व्यक्तित्व के धनी हैं समाज सेवा व चिकित्सा के क्षेत्र में आपकी सेवाऐं सराहनीय रही हैं। समाज के क्षेत्र में वर्तमान में आप विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष हैं। आज भी ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी सदस्य एवं गायत्री परिवार में ट्रस्टी के रूप में महती भूमिका निभा रहे हैं।

# बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

**गंगापुर सिटी** । पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को स्कूल विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा वार्षिकोत्सव और भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति शिवरतन अग्रवाल और अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि शिवरतन अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल के देश के कर्णधार हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी दें, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने स्कूल के विकास में हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में प्रधान मंजू गुर्जर ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षा से ही परिवार, समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने देश की प्रगति को बच्चों के भविष्य से जोडते हुए महत्वपूर्ण विचार रखे। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विभागीय निर्देशों के अनुसार वार्षिकोत्सव में निबंध, चित्रकला और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन रूपसिंह मीणा और अरविंद खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही खेल गतिविधियों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य विभागीय गतिविधियों में बेहतरीन परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को भी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की समाप्ति पर उपस्थित सभी बच्चों को भामाशाहों के सहयोग से स्वादिष्ट भोजन कराकर कार्यक्रम का समापन किया। विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा, शिक्षक संघ के पदाधिकारी और स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश बैरवा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भामाशाह का सम्मान

**गंगापुर सिटी** । समीपवर्ती चुली गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दे कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में भामाशाह व मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीओ राम प्रसाद बेरवा द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं और विद्यालय प्रधानाचार्य रामरूप बैरवा, तोलाराम गुप्ता, महेंद्र शर्मा, पूजा भाटी, मीनाक्षी गुप्ता, निर्मला मीणा, सूबेदीन खान आदि का सम्मान किया गया। इसी प्रकार ग्राम के भामाशाह बदाम देवी सरपंच व पूर्व सरपंच सुरेश गुर्जर, वार्ड पंच देवीलाल गुर्जर, समाजसेवी दिनेश गुर्जर व लखन जागीरदार आदि लोगों ने सम्मानित किया।

## पथ संचलन का स्वागत

**गंगापुर सिटी** । नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरुवार को भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्या भारती द्वारा संचालित गुलकंदी देवी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सुबह 11.30 बजे घोष की धुन के साथ शुरू हुए इस पथ संचलन में छात्रों ने कदमताल करते हुए मार्च किया।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण भारत माता और सुभाष चंद्र बोस की सजीव झांकियां रहीं। छोटे बच्चों ने हाथों में बंदूक और तलवारें लेकर मार्च में भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली थाने के पुलिस अधिकारी राजवीर सिंह, एएसआई नौशाद खान सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

मार्च का रूट गुलकंदी स्कूल से शुरू होकर पुरानी चुंगी, पेट्रोल पंप, फव्वारा चौक, कचहरी रोड सर्किल, रोडवेज बस स्टैंड, हायर सेकेंडरी, गुरुकुल स्कूल, कमला हॉस्पिटल, विवेकानंद स्कूल, शुभ लक्ष्मी मील और विजय पैलेस होते हुए पुनः गुलकंदी स्कूल पर समाप्त हुआ। मार्ग में स्कूल के पूर्व छात्र-छात्राएं, अभिभावक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर मार्च का स्वागत किया। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

# वार्षिक उत्सव में भामाशाह और विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान



**विद्यालय के बार्षिकोत्स में सभी अतिथियों का संस्थाप्रधान मदन मोहन गुप्ता माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।**

**हिंडौन सिटी**। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमनगर फुलवाड़ा में गुरुवार को बार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह और भामाशाह सम्मान आयोजित किया गया।

समीप के गांव फुलवाड़ा के भीम नगर स्थित राज्य के बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंग मोदी निदेशक एशियन रॉयल लिमिटेड रहे व उनके साथ ग्राम पंचायत सरपंच फुलवाड़ा, पंचायत समिति सदस्य एवं हरिओम शर्मा, रिद्धि चन्द जैन, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं कमलशर्मा आरपी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय , तिमन सिंह पीईईओ फुलवाड़ा विशष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता किस दौर मैं सभी विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरी एकाठाता और तन्मयता से पढ़ाई करें जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होगा। इसी दौरान विशिष्ट तिथियां ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और विद्यालय विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी अतिथियों का संस्थाप्रधान मदन मोहन गुप्ता द्वारा माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। भामाशाह कृष्णकुमार शर्मा अध्यापक स्थानीय विद्यालय का सम्मान सभी अतिथियो एवं ठाामवासियो के द्वारा किया गया। मंच संचालन पंकज शर्मा व्याख्यता हारा दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीता चौधरी एवं चन्द्रमुखी शर्मा द्वारा प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में सहयोग छुट्टन सिंह वरिष्ठ अध्यापक, गुमान सिंह मीना व राजेश मीना, ज्योति गुर्जर, प्रियंका शर्मा, चन्द्रमुखी शर्मा, कृष्णा सिंह, गोविन्द सिंह गुर्जर ने सहयोग किया।

